गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

(A Central University established by the Central Universities Act, 2009 No.25 of 2009)

Tel: 07752-260000, 260003, Fax: 07752-260154

Website: www.ggu.ac.in

क्रमांकः 1222 /परीक्षा/सामा./ 2011 बिलासपुर, दिनांकः 20/10/11

प्रति,

प्राचार्य /वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष

पूरक परीक्षा केन्द्र :–

....

....

विषय :– परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने/पुर्नमूल्यांकन परिणाम फलस्वरूप पूरक की पात्रता वाले छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा वर्ष 2011 के स्नातक स्तर के बी.ए/बी.एस.सी. /बी.एस.सी.(गृह विज्ञान)/बी.सी.ए./बी.बी.ए./बी.कॉम./विधि भाग–1,2,3 के परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने तथा पुनर्मूल्यांकन परिणाम की घोषणा पश्चात् अनुत्तीर्ण से पूरक के पात्र घोषित छात्र/छात्राएं अपना पूरक परीक्षा आवेदन पत्र, अंकसूची/ पुनर्मूल्यांकन परिणाम की अधिसूचना के आधार पर बिना विलंब शुल्क के विश्वविद्यालय द्वारा घोषित **"पूरक परीक्षा केन्द्र"** में पूरक परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व तक जमा कर सकेंगे। तद्नुसार छात्र/छात्राओं के पूरक परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने हेतु संबंधित पूरक परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य को अधिकृत किया जाता है। निवेदन है कि प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष ऐसे छात्रों के पूरक परीक्षा आवेदन पत्रों में से अभिप्रमाणक पत्रक एवं प्रवेश पत्र महाविद्यालय में ही रोककर परीक्षा शुल्क का चालान एवं परीक्षा आवेदन पत्र, पूरक परीक्षा समाप्ति के एक सप्ताह के अंदर विश्वविद्यालय कार्यालय में विशेष वाहक के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।जिन परीक्षार्थियों के पूरक परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त नही होंगे,ऐसे छात्रों के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा रोक दिये जायेंगे।

पुनर्मूल्यांकन के परिणाम/अनुचित साधन उपयोग से संबंधित छात्रों के संबंध में निर्णय विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ggu.ac.in पर उपलब्ध हैं, जिसके आधार पर भी पूरक के पात्र छात्र/छात्रा अपना परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक)

पृ.क्रमांकः 1223 /परीक्षा/2011 बिलासपुर, दिनांकः 20/10/11

1. कुलपति/कुलसचिव के सचिव/निज सहायक की ओर माननीय कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय बिलासपुर छ.ग. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. विभागाध्यक्ष, संगणक विभाग की ओर उक्त पत्र को वि.वि. की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
4. संपादक .... बिलासपुर की ओर इस निवेदन के साथ प्रेषित कि वे उक्त जानकारी को परीक्षार्थियों के सूचनार्थ अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।

सहायक कुलसचिव(परीक्षा)

1222/CSF7
25/10/11
28/10